14/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले तीन-चार वर्ष में आठ करोड़ रोजगार सृजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे बेरोजगारी के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला है। मुंबई में कल भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास और रोजगार की आवश्यकता है और केन्द्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान सड़क, रेलवे और पत्तन विकास से जुड़ी उनतीस हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने असम के साथ सीमा विवाद की वर्तमान स्थिति की जांच के लिए छह क्षेत्रीय समितियों का पुनर्गठन किया है। गृह और अंतर-राज्यीय सीमा मामलों के विभाग द्वारा गत गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि क्षेत्रीय समितियों के लिए Terms of Reference, 1 जून 2022 को जारी मूल अधिसूचना में निर्धारित प्रावधानों द्वारा शासित होती रहेंगी। राज्य के शेष छह जिलों जिनमें पाक्के केसांग, पापुम पारे, कामले, लोअर सियांग, लोअर दिबांग वैली और लोंगडिंग शामिल हैं, यहां असम के साथ सीमा विवाद अभी भी जारी है क्योंकि दोनों राज्यों के लोग अंतर-राज्यीय सीमा पर गांवों के सीमांकन पर अब तक सहमत नहीं हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई 2022 को अरुणाचल प्रदेश और असम के मुख्यमंत्रियों ने दशकों पुराने सीमा मुद्दे को समाप्त करने के लिए नामसाई घोषणा नामक एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और विवादित गांवों की संख्या को एक सौ तेईस के बजाय छियासी तक सीमित करने का फैसला किया।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेंन ने गत शनिवार को राज्य के पर्यटन मंत्री पासांग दोरजी सोना के साथ सिविल सचिवालय ईटानगर में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, "हमारी चर्चा पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने और हमारे राज्य में विकास के नए रास्ते तलाशने के लिए रणनीतिक योजना पर केंद्रित थी। हम साथ मिलकर अरुणाचल प्रदेश में एक जीवंत और टिकाऊ पर्यटन परिदृश्य की ओर यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं।" इस बैठक के दौरान, अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए संभावित पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

0000000000000000000

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री ओजिंग तासिंग ने गत शुक्रवार को सियांग जिले के बोलेंग में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विकास कार्यों की सख्त निगरानी और क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा गुणवत्ता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों को सेवाओं की सुचारू और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए अंतर-विभागीय समन्वय के महत्व पर भी जोर दिया।

इसके अलावा, श्री तासिंग ने सभी विभागाध्यक्षों से 100-दिवसीय कार्य योजना प्रस्तुत करने को कहा। इस बैठक में सियांग जिले के प्रभारी उपायुक्त ताजिंग जोनोम ने जिले की चुनौतियों के समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया।

0000000000000000000

राजधानी पुलिस ने पूर्वोत्तर, खासकर अरुणाचल प्रदेश की लड़कियों को निशाना बनाकर किए जाने वाले अंतर-राज्यीय बाल तस्करी और वेश्यावृत्ति के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान के तहत दो नाबालिग लड़कियों को बचाया गया साथ ही अरुणाचल और दिल्ली से पांच लोगों को गिरफ्तारब भी किया गया हैं। राजधानी एसपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, यह मामला 10 जून को तब प्रकाश में आया, जब ईटानगर महिला पुलिस स्टेशन को दो लापता नाबालिग लड़कियों के बारे में सूचना मिली। 15 वर्षीय और 16 वर्षीय पीड़िताओं को चिम्पू के एक घर से बरामद किया गया, जिसके बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए गठित एक विशेष पुलिस दल ने 15 दिनों की अवधि में कई गिरफ्तारियां कीं हैं।

0000000000000000000

ईटानगर पुलिस ने शनिवार को एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 11.60 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के सलेमपुरघाट निवासी तैतालीस वर्षीय राजू खान के रूप में हुई है और वह वर्तमान में असम के हारमोटी में रह रहा था।

ईटानगर के एसपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि पहले से गिरफ्तार ड्रग तस्कर द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। एक अन्य घटना में, गत 11 जुलाई को जीरो के पुलिस ने हापोली में प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए फोरिदुल इस्लाम नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 29.9 ग्राम वजन की संदिग्ध हेरोइन बरामद की।

000000000000000000

असम राइफल्स उत्तर पूर्व के सभी राज्यों में "असम राइफल्स सेंटिनल्स कप" के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है। टूर्नामेंट का पहला चरण नागालैंड के दीमापुर में आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय के अलावा असम राइफल्स, 164 टीए (एच एंड एच) और 165 टीए (एच एंड एच) की टीमों ने भाग लिया। सात टीमों के बीच कुछ रोमांचक मुकाबलों के बाद, डीजी असम राइफल्स टीम, मेघालय (ब्लैक डायनामाइट), 165 टीए टीम और मिजोरम सहित चार टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल मैच असम राइफल्स और 165 टीए टीम के बीच शिलांग में खेला गया। कड़े मुकाबले के बाद असम राइफल्स की टीम विजेता बनी। 000000000000000000